DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

वैज्ञानिक समझ विकसित होने से विज्ञान में बढ़ेगी रुचि : प्रो. सुरेखा डंगवाल

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। स्कूली विद्यार्थियों के लिए विज्ञान की आधारभूत जानकारी के लिए दून विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा, स्कूल के बच्चों को प्रयोगशालाओं के साथ-साथ शोध में प्रयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी होने से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी। इससे उनमें वैज्ञानिक समझ उत्पन्न करने में सहायक होगा और उनको विज्ञान के गुण रहस्य को समझने में आसानी होगी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के ऊर्जा विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के आचार्य डॉ. त्रिलोक सिंह ने विज्ञान के महत्व को सामान्य जीवन से जोड़ते हुए कहा, अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य के प्रति समर्पण के साथ-साथ आत्म-सशक्तिकरण, आत्मबल एवं आत्मविश्वास आवश्यक है।

प्रो. डॉ. अयोध्या नाथ तिवारी ने कहा, विज्ञान और गणित की जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में भूमिका को समझना आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ. हिमानी शर्मा, डॉ. चारु द्विवेदी, डॉ. खुशबू सिंह, डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. शिवानी, डॉ. अमिता, डॉ. हेमलता, डॉ. इंदिरा आदि मौजूद रहे।

News paper – Amar Ujala
Date – 02.03.2024